## रोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही है राज्य सरकार : अंबा प्रसाद



**अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुक के बीच स्कॉर्पियो व ट्रैक्टर का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शनिवार को बड़कागांव में लाभुक के बीच स्कॉर्पियो वाहन का वितरण किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्कॉर्पियो व ट्रैक्टर वाहन की चाबी प्रदान की। योजना के तहत लाभुक अशोक नगर बड़कागांव निवासी चंद्रशेखर कुमार को ट्रैक्टर, वहीं नयाटांड निवासी संजीत कुमार नायक को स्कॉर्पियो वाहन दिया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार रोजगार के लिए युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है।

## टाटीझरिया में करमा पूजा धूमधाम से संपन्न



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में इस वर्ष भाई बहन रिस्ते का अटूट एवं आदिवासी का महान पर्व करमा शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। करमा पर्व की चहल पहल एक सप्ताह पहले ही शुरू हो जाती है। भाद्र पद शुक्ल पक्ष चौठ तिथि को लड़किया नदी में जाकर स्नान पूजा कर बालु लाकर जावा बुनती है और सुबह शाम उस जावे को गीत नृत्य गाकर जगाती है। भाद्र पद शुक्ल तिथि एकादशी के दिन बहने अपने भाई के दीघार्यु की कामना लेकर करम डाली की पूजा की और पुजारी के द्वारा करमा धरमा के बारे में कथा सुनी आदिवासी के प्रमुख पर्व करमा के पावन अवसर पर करमा के पौधे का पूजा बहने अपनी भाई के लंबी उम्र के लिए करती है। प्रखंड के झरपो, भराजो खैरा नारायपुर, बेडमक्का, अमनारी डूमर बेडम, धर्मपुर गोधिया, डहरभंगा, टाटीझरिया बेरहो खंभवा सहित गांवों में करमा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। करमा के डाली को दूसरे दिन भाई नदी या तालाब में विसर्जन किया। करमा के पावन पर्व पर प्रखंड के जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधि प्रमुख संतोष मंडल 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी, जिला परिषद सदस्य रामप्रसाद, उपप्रमुख रवि वार्नवाल, कैलाश पति सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, उमेश प्रसाद, रामप्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, प्रविल प्रसाद ने शुभकामनाएं दी है।

## प्रधानमंत्री आवास लाभुकों का गृह प्रवेश वैदिक रीति रिवाज से हुआ



**जयनगर (आजाद सिपाही )।** प्रखंड के रूपायडीह पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुकों का गृह प्रवेश वैदिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना करवाकर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया गणपत यादव, पंचायत समिति सदस्य धानेश्वर राणा, उप मुखिया चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से लाभुक मीना देवी पति जागेश्वर राणा, शांति देवी पति कालेश्वर पासवान, मंदोदरी देवी पति लक्ष्मण पासवान को चाबी सौंपे। जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा गरीब, लाचार, असहाय लोगों को आवास देकर उनके छतरी देने का काम किया। बरसात में छत नहीं रहने से पानी के समय लोग घर पर सो नहीं पाते थे। आज सभी लाभुक गृह प्रवेश कर प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट कर धन्यवाद किये। मौके पर पंचायत सचिव कुंदन कुमार, सुखदेव राणा, किसुन मोदी, दामोदर सिंह, कान्हाय यादव, गुड्डू मोदी, इंद्रदेव, सूरज पासवान, सुखदेव सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## सोनपुरा गांव में पौधा का वितरण किया गया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बीते कई वर्षों से गांव में परंपरा को कायम रखते हुए ग्राम सोनपुरा पंचवाहिनी मोहल्ला टोला अध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं एसडीओ अमन कुमार के नेतृत्व में करमा पूजा के अवसर पर समाज के भाइयों के द्वारा दर्जनों बहनों को उपहार स्वरूप पौधा दिया गया। और पर्यावरण को संरक्षण का संदेश दिया। पौधे का देखभाल अभिभावकों के द्वारा किया जाएगा। गांव के प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि करमा पूजा में भारी मात्रा में करम की डाली काटी जाती है। पर्यावरण के संरक्षण को लेकर इसकी भरपाई करना अति आवश्यक है ताकि पर्यावरण संरक्षित रह सके। मौके पर उपस्थित लोगो में सुरेंद्र प्रसाद, भोला प्रसाद दांगी, वासुदेव महतो, राजनाथ कुमार, कृष्ण कुमार, प्रकाश महतो, खुश नारायण प्रसाद, मोहित कुमार, गणेश कुमार, विजय कुमार, रंजीत कुमार, ममता कुमारी, प्रमिला देवी, सरिता देवी, दुलारी देवी, यशोदा देवी, अनिता कुमारी ,शकुंतला कुमारी के अलावा अन्य उपस्थित थें।

## मेघा प्रिया संताल परगना महाविद्यालय दुमका की असिस्टेंट प्रोफेसर बनीं



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ निवासी आचार्य प्रभुदयाल मिश्र की पौत्री एवं महेन्द्र नाथ मिश्र तथा कल्पना मिश्रा की पुत्री मेधा प्रिया असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी के पद पर अपना योगदान संताल परगना महाविद्यालय दुमका में दिया। मेधा प्रारंभ से हीं विलक्षण प्रतिभाशाली छात्रा रही है। एलकेजी और यूकेजी की शिक्षा विद्या निकेतन से कक्षा 1 से 3 तक विवेकानंद सेवा आश्रम से, कक्षा 4 से 8 वीं तक राजकीय मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ से 9- 10 कक्षा परियोजना बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ एवं इंटर से एमए तक की शिक्षा संत कोलंबस कालेज हजारीबाग से प्राप्त की। स्नातक हिन्दी में तथा स्नातकोत्तर हिन्दी दोनों में यूनिवर्सिटी टॉपर रहीं। 2022 मे डीट क्वालीफाइ किया। जून 2023 में यूजीसी नेट निकालकर असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालीफाइ कर 9 सितम्बर 2024 को 26 वर्ष की आयु में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर आसीन हुई। मेधा की सफलता पर मध्य विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक नरेंद्र मिश्र, सुबोध मिश्र बिनोवा भावे यूनिवर्सिटी के डॉ. सुनील कुमार दुबे, केदार सिंह, सुबोध सिंह शिवगीत, प्रोफेसर केके गुप्ता आदि ने बधाई दी।

### पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर की घोषणा

# अटल विचार मंच विधानसभा चुनाव में राज्य की सभी सीटों पर लड़ेंगा चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भारत सरकार के पूर्व वित्त व विदेश मंत्री रहे हजारीबाग के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने एक राजनीतिक पार्टी का गठन किया है, इस पार्टी का नाम अटल विचार मंच रखा गया है। मंच के बारे में यशवंत सिन्हा ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि आज की भारतीय जनता पार्टी अपने नीति और सिद्धांतों से हट कर सिर्फ धर्म और सम्प्रदाय की राजनीति करती है। भाजपा पूरे देश में हिंदू और मुस्लिम को लड़ा कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है। भाजपा के इस अनैतिक सिद्धांतों को देखते हुए भाजपा के क्रियाकलाप से असंतुष्ट वर्षों से भाजपा के लिए सक्रिय रूप से राजनीति करने वाले लोगों ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी के सिद्धांतों पर चलते हुए नई राजनीति पार्टी में जुड़े हैं। पार्टी की घोषणा करते हुए श्री सिन्हा ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा की अटल विचार मंच एक राजनीति पार्टी है और यह पार्टी आने वाले सभी चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेगी। पत्रकारों के द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा की हमारे पार्टी के सिद्धांत पर खरा उतरने वाले उम्मीदवारों को आगामी विधानसभा में टिकट दिया जायेगा ' उन्होंने आगे कहा की हमने अपने राजनीतिक जीवन में कभी विद्वेष की राजनीति नही की है और इसका परिणाम है की आज हमारे साथ हर जाति धर्म के लोग जुड़ रहे हैं। अब वो दिन दूर नही जब फिर से श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के सिद्धांतों को मानने वाले सभी लोग एक मंच पर होंगे। अटल विचार मंच से जुड़ने वाले लोगों का इस संगठन में हार्दिक स्वागत है। हजारीबाग समेत देश के हर क्षेत्र में स्वच्छ व विकास की राजनीति करने वाले लोग हमसे निरंतर जुड़ रहे हैं कार्यक्रम के दौरान सदस्यता ग्रहण करवाया गया जिसमें पहले सदस्य के रूप में यशवंत सिन्हा ने अपना सदस्यता फॉर्म भरा और संगठन के पार्टी निष्ठा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश मिश्र व मंच का संचालन राजेश सहाय ने किया। मौके पर नीलिमा सिन्हा, प्रो सुरेंद्र सिन्हा, दीपक नाथ सहाय, प्रकाश पासवान, तलत साबिर, उदय सिन्हा, देवेंद्र सिंह, दिनेश्वर गंजू, शाहनवाज खान, प्रियंका सहाय, विल्सन निरंजन, रणजीत सिंह, प्रदीप कुमार विशु, बुलबुल सिंह, डॉक्टर मिराज, शैलेंद्र सिंह, मनीष कुमार, रफीक अंसारी सहित हजारीबाग व रामगढ़ जिले के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ कर्मा का त्योहार संपन्न

**पारम्परिक लोक गीतों के साथ झूमर से रात भर गुंजा पुरा प्रखंड**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बरसात के बीच कर्मा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पारम्परिक गीत व झूमर प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में गूंजता रहा। हालांकि कुछ वर्षों से इस त्योहार में डीजे का प्रचलन भी बढ़ गया है। कर्मा का त्योहार प्रकृति से जुड़ा है,इसमें कर्म की पेड़ की पूजा अर्चना की जाती है। इस अवसर पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत नवादा, कुसुम्भा, बनासो,बक्सपुरा, नावाटांड़, चानो, बंदखारो, जोबर, गाल्होबार, खरकी, नरकी, बलकमक्का, गोविंदपुर, करगालो, अचलजामु, सिरय, वराई,गैड़ा, अलपिटो, समेत विभिन्न स्थानों पर कर्म डाली लाकर पूजा अर्चना की गई। करमा डाल की स्थापना कर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की गई। बताया गया कि करमा पूजा का विशेष महत्व भाई-बहन का त्योहार है, बहने भाई के लिए पूजा करती है, इसके साथ ही त्योहार फसल खेती बाड़ी से जुड़ा हुआ है। करम वृक्ष उर्वरता, समृद्धि और खुशहाली का संदेश है। करमा और धर्मा, इस त्योहार के प्रमुख देवता होते हैं, और इस दिन इनके प्रति श्रद्धा और आस्था प्रकट की जाती है। रविवार को करम डाली व जावा का विसर्जन कर त्योहार सम्पन्न हुआ।

# श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के मानस रसोई का संजय सिंह ने किया उद्घाटन

**पढ़ाई करने वाले बच्चों का समय खाना बनाने में न हो बर्बाद, इस उद्देश्य से किया है मानस रसोई का शुभारंभः संजय कुमार सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग के संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम के सामने श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के कार्यालय परिसर में मानस रसोई का विधिवत उद्घाटन रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। इस मानस रसोई में 21 रुपए में जरूरतमंदों के लिए भोजन उपलब्ध होगा। श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के बैनर तले उद्घाटन हुए इस मानस रसोई का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग में रहकर पढ़ाई कर रहे वैसे बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है जो हजारीबाग में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं तथा उनका काफी समय खाना बनाने में चला जाता है जिससे कि उनकी पढ़ाई बाधित होती है, इसी बाधित हो रही पढ़ाई को दूर करने के लिए की रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने इस मानस रसोई की स्थापना की है। संजय कुमार सिंह ने बताया कि वह हजारीबाग में श्री रामचरितमानस सेवा संस्थान के बैनर तले सेवाएं दे रहे हैं तथा इस दौरान उन्होंने पाया कि हजारीबाग शिक्षा का हब है और यहां हजारीबाग के अलावा कई अन्य जिलों के बच्चे रहकर पढ़ाई करते हैं उन्हें बच्चों को राहत पहुंचाने के लिए यह मानस रसोई की शुरूआत की गई है, जिसमें दोपहर 12 बजे से लेकर 4 बजे तक भोजन का प्रबंध रहेगा तो वही रात में 7 बजे से लेकर 9 बजे तक रात के खाने का भी व्यवस्था किया गया है । पढ़ाई कर रहे बच्चों के साथ-साथ हजारीबाग का हर जरूरतमंद एवं गरीब इस मानस रसोई में आकर खाना खा सकता है जहां उन्हें 21 में पौष्टिक आहार उपलब्ध होगा। मानस किचन में खाना खाने वाले बच्चों की भीड़ देखी गई तथा लोगों ने खाना खाने के बाद मानस रसोई एवं श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान तथा केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की खूब सराहना की । इस दौरान वहां पर केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के साथ हजारीबाग जिला अध्यक्ष बबलू सिंह, समाजसेवी विजय सिंह, संस्था के सदस्य धर्मेंद्र सिंह, लक्ष्मण आदि मौजूद थे।

### मानस के अध्यक्ष ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** श्रीरामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह अपने दिल्ली प्रवास के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को रामचरितमानस भेंट की। साथ ही मुलाकात के दौरान हजारीबाग में मानस संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कई कैंसर पीड़ित मरीजों का इलाज कराया जा रहा है। गरीब असहाय लोगों को मुफ्त में भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। संजय सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मानस संस्था के कार्यों की प्रशंसा की और इसे और विस्तार देने को कहा। गृह राज्य मंत्री को भी कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी। बताया गया कि हजारीबाग के साथ-साथ देश के तीन राज्यों में मानस काम कर रही है। 17 वर्षों से समाज सेवा में संस्थान के लोग लगे हैं।

# अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के अमृतनगर स्थित मंगलदीप शादी घर में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वधान में कुशवाहा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय प्रतिनिधि सम्मेलन हुआ। प्रमंडलीय सम्मेलन में समाज के उत्थान विकास और सामाजिक कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाने के साथ राजनीतिक क्षेत्र में समाज की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए चिंतन के साथ चर्चा किया गया। कुशवाहा समाज आगामी विधानसभा के चुनाव में प्रत्याशी बनाने के लिए राजनीतिक दलों से मांग करेगी।यदि समाज के लोगों को कोई भी राजनीतिक दल प्रत्याशी नहीं बनाता है तो आगे की रणनीति बनाने के लिए कुशवाहा समाज एकजुट होकर काम करेगी। प्रमंडलीय प्रतिनिधि सम्मेलन के अध्यक्षता सुधीर कुमार ने किया और मंच संचालन प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजू महतो ने कहा की हम राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दल से समाज के लोगों के लिए आगामी विधानसभा के चुनाव में प्रत्याशी उतारने की मांग करेंगे। यदि राजनीतिक दल द्वारा हमें उम्मीदवारी नहीं दी जाती है तो कुशवाहा समाज अपने हिसाब से उम्मीदवार उतारेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रणव वर्मा ने कहा कुशवाहा समाज को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। तभी राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित होगी। समाज के वरिष्ठ नेता बासुदेव वर्मा ने कहा समाज की एकता ताकत है जिस दिन समाज एक हो जाएगा। झारखंड में कम से कम 3 सांसद और कई विधायक होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से जय प्रकाश दयाल, दिनेश कुमार, निशांत कुमार सिंहा अजीत कुमार देव, विनोद कुशवाहा, इन्द्र नारायण कुशवाहा, अनेश्वर प्रसाद, सुमन शेखर, रामपति वर्मा, कैलाश प्रसाद, सुखलाल वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, राजेश वर्मा शालिग्राम वर्मा, रामकृष्ण वर्मा, विकास कुशवाहा ,राजकुमार मौर्य कृष्णा कुशवाहा ,निर्मल महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## झूमर नृत्य करनेवाली बालिकाओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव। बड़कागांव के ग्राम कांडतरी में करमा महोत्सव को लेकर झूमर प्रतियोगिता कराया गया। इसमें छोटी बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मौके पर उप प्रमुख वचन देव कुमार, कांडतरी ग्राम अध्यक्ष योगेंद्र महतो, सचिव सुरेश महतो, उपमुखिया राजदेव महतो, समाजसेवी सिकेन्द्र महतो, प्रेमचंद कुमार, प्रकाश कुमार, बिनोद कुमार, विजय कुशवाहा, बाबूलाल महतो, राशमनी महतो, धर्मनाथ कुमार आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।**



## प्रकृति का त्यौहार करम पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर एवं दारू प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों में शनिवार की रात्रि करम पूजा धूमधाम और श्रद्धा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और करम देवता से समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।पूजा के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। महिलाओं और युवाओं ने विशेष रूप से रात्री में नाच-गान और पारंपरिक गीतों के माध्यम से पर्व का आनंद लिया। सभी गांवों में सामाजिक एकता और सौहार्द का वातावरण रहा। प्रशासन द्वारा पूजा के दौरान सुरक्षा की कड़ी नजर रही। पर्व का आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। ग्रामीणों ने करम पूजा को अपनी सांस्कृतिक पहचान बताते हुए इसे पूरी निष्ठा और भक्ति के साथ मनाया। करम पर्व के पारंपरिक गीत गाकर मातायें, बहनों नें झारखंडी संस्कृति परंपरा व करम पूजा की महता पर प्रकाश डाला। वही पूजा के दौरान पंडित ने इसे जुड़ी कहानी का उल्लेख किया।**

## मुन्ना सिंह के सौजन्य से मांदर का वितरण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत, जमुआरी और नावाखुटर गांव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के सौजन्य से ग्रामीणों को पारंपरिक वाद्य यंत्र, मांदर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को सहेजने और नई पीढ़ी के साथ साझा करने का प्रयास किया गया। मुन्ना सिंह ने कहा की मांदर झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न हिस्सा है और इसे संजोना और भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम झारखंड की समृद्ध परंपरा को जीवित रखने और उसे आगे बढ़ाने का एक छोटा सा प्रयास है। मुन्ना सिंह के निजी मीडिया प्रभारी विक्की कुमार धान और पूर्व पंचायत समिति सदस्य तिलेश्वर गंझू, कुसुंभा पंचायत के उप मुखिया सुरेन्द्र बांडों व सुबोध गंझू की उपस्थिति में मांदर का वितरण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं और युवतियां उपस्थित रहीं। जिन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह का आभार व्यक्त किया।**

## जीप चेयरमैन उमेश मेहता ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना गृह प्रवेश कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**इचाक (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता के द्वारा किया गया। जिसमें इचाक बीडीओ संतोष कुमार और नावाडीह पंचायत की मुखिया भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बिरहोर परिवारों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का लाभ प्रदान किया गया। गृह प्रवेश कार्यक्रम रविवार को अपराह्न 1 बजे आयोजित हुआ, जिसमें फूलमती देवी, छोटन बिरहोर, सुरेंद्र बिरहोर, जीतन बिल्हौर, सुनीता देवी, और राहुल बिरहोर को उनके नए आवासों का गृह प्रवेश कराया गया। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना की शुरूआत देश के कमजोर जनजातीय समूहों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस योजना के अंतर्गत आदिवासी समुदायों को आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे उनकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा। चंपानगर नावाडीह में आयोजित इस गृह प्रवेश कार्यक्रम में बिरहोर परिवारों को आवास प्रदान कर उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर जीवन की ओर कदम बढ़ाने का अवसर मिला है।**

## कस्तूरबा की छात्राओं ने की करमा पूजा, खेला झूमर



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रकृति का पर्व करमा पूजा मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ शनिवार को मनाया गया। प्रखंड के मरकच्चो दसारो, सिमरिया, चोपनाडीह, बरियारडीह, खेशमी, नावाडीह, दरदाही, बिचारिया, नई टांड, पपलो, जामु समेत कई ग्रामीण इलाकों में करमा पूजा की धूम रही। शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मरकच्चो में करमा पूजा का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्रा बाल सांसद नूतन कुमारी, रिया कुमारी, ऋचा कुमारी, रेणु कुमारी, संगीता कुमारी, छोटी कुमारी, रानी कुमारी, अंजनी कुमारी, अन्नु कुमारी, संजना कुमारी, खुशबु कुमारी समेत सैकड़ो छात्राओं ने करमा पूजा के साथ-साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके साथ झूमर का भी आयोजन किया गया। कस्तूरबा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत झूमर में आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और प्रकृति के प्रति प्रेम की झलक दिखी। छात्रों ने करमा के गीत पर खूब झूमर का प्रदर्शन किया। वार्डन उषा टोपनो ने कहा कि आज झारखंड ही नहीं देश के कई राज्यों में करमा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म संस्कृति और परंपरा से आदिवासियों ने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। वहीं विद्यालय की लेखा पाल हुस्न आरा ने कहा कि करमा पर्व आदिवासियों की संस्कृति विरासत को बचा के रखा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन उषा टोपनो ने की जबकि संचालन छात्रा नूतन कुमारी ने किया।**

## जेएलकेएम नेता ने दुलमी प्रखंड के कई गांवों का किया दौरा, मांगा समर्थन

# रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास करने का दें मौका : द्वारिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** करमा पर्व झारखंडियों के लिए खास महत्व है, यह पर्व भाई बहन के लिए अटूट स्नेह का प्रतीक है, बहन दिन भर उपवास कर अपने भाई के लिए सुख समृद्धि के लिए कामना करती है और इस परंपरा को सहेज कर रखने की आवश्यकता है, तभी हम झारखंडियों की पहचान रहेगी। उक्त बातें रविवार को जेएलकेएम नेता सह अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने दुलमी प्रखंड का दौरा के दौरान कई करम अखरा शामिल होकर अपने समर्थकों से कहीं। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के विकास करने का एक बार मौका दे, ताकि क्षेत्र का समुचित विकास कर सकूं। इस अवसर पर जिला संगठन महामंत्री नीतीश कुमार, जिला सचिव मोहित पटेल, युवा मोर्चा मिडियाप्रभारी देवा महतो, प्रखंड अध्यक्ष संजय महतो, प्रखंड सचिव महेन्द्र कुमार, रूपेश कुमार, अल्पसंख्यक प्रखंड उपाध्यक्ष मफूज अंसारी, कृष्णा भोगता, जयनंदन महतो, त्रिभिनी चौधरी, मदन कुमार, पप्पू कुमार, कृष्णा चौधरी, रंजन कुमार, पवन कुमार, महावीर कुमार, रतन कुमार, केसुलाल महतो, बॉबी कुमार आदि उपस्थित थे।



# विस्थापितों की समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहे स्व गहन टुडू : जीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** उरीमारी स्थित बिरसा परियोजना समीप झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय में रविवार को मजदूरों और विस्थापितों के नेता गहन टुडू का पांचवा शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सीसीएल बरका सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। सर्वप्रथम गहन टुडू के तस्वीर पर माता, एवं पत्नी बड़की देवी, रेशमी हस्सा ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह ने स्व गहन टुडू के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। सिंह ने कहा कि मजदूरों और विस्थापितों के समस्याओं को लेकर स्व गहन टुडू ने निरंतर आंदोलन करने और उनके हक अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इधर विस्थापित नेता दशई मांझी ने कहा कि विस्थापितों के लिए स्व गहन टुडू ने कई ऐतिहासिक आंदोलन किए हैं उन्होंने विस्थापितो के उत्थान लिए लंबे अरसे तक संघर्ष किया। उनकी शहादत बेकार नहीं जायेगी। कार्यक्रम के दौरान गहन टुडू के परिजन में उनकी मा पत्नी व बच्चों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं परिजनों में पत्नी बड़की देवी, रेशमी टुडू, बेटी मालती देवी, खुशबू टुडू, देवंती टुडू, आरती टुडू, प्रियांशी टुडू, सोनल टुडू,आशमा टुडू, अर्चना टुडू, अराधना टुडू इधर बिरसा पीओ डी शिवा दास, विस्थापित नेता दिनेश करमाली, संजय टुडू, कार्तिक मांझी, संतोष प्रजापति, तुलसी बेदिया, जितेन्द्र यादव, शिवानी टुडू, मनोज सिंह, दिनेश प्रजापति, कर्मबीर सिंह, परमेश्वर सोरेन, बिनोद सोरेन, पुरण टुडू, बबलू मांझी, सुखु मांझी, महाबीर प्रसाद, मदन करमाली, सुखदेव मांझी, कमलेश मांझी आदि मौजूद थे।

# भुरकुंडा कोयलांचल में करमा पूजा संपन्न, मांदर की थाप पर थिरके श्रद्धालु

## विसर्जन जुलूस में समर्थकों के साथ शामिल हुईं विधायक अंबा प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार की रात्रि प्रकृति और भाई-बहन के आस्था व प्रेम का महापर्व करमा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान करम डाल की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, अमन-चैन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही करमा और धरमा दोनों भाईयों की कथा कही व सुनी गयी। पूजा-अर्चना के बाद उपवास रखी युवतियों ने लोगों के बीच लावा फूल का वितरण किया। वहीं रविवार को करम डाल का विसर्जन किया गया। इसके पूर्व शनिवार की रात्रि पूजा-अर्चना के बाद विभिन्न पर श्रद्धालु महिला-पुरूष मांदर की थाप पर थिरकते दिखें। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर भदानीनगर के कोल कंपनी, जवाहर नगर, हनुमानगढ़ी, पगला आश्रम, हुरूमगढ़ा, हॉस्पीटल कॉलोनी, न्यू बैरक, पटेलनगर, करमाली टोला, पगला आश्रम, रिभर साईड, लादी, चिकोर, मतकमा, देवरिया, कुरसे, बलकुदरा, चैनगडा आदि क्षेत्रों में भी पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ करमा पूजा मनाया गया। इधर करमा पर्व के अवसर पर नीचे धौड़ा में विसर्जन जुलूस निकाला गया। जिसमें विधायक अंबा प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। मौके पर जयंत तुरी, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, आजाद भुंइया, बिकराल करमाली, राजेंद्र करमाली, पंकज कुमार, राहुल यादव, राजेश करमाली, नागेश करमाली सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# प्राकृतिक उपासकों ने मनायी करमा पूजा गांव की सुख, समृद्धि की कामना



आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी।** उरीमारी कोयलांचल क्षेत्र सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक पर्व करमा पूजा धूमधाम से मनाया गया। वहीं उपासकों ने हेसाबेडा गांव में रविवार को करमा पुजा धुमधाम से व हर्षोल्लास के साथ मनाया। हेसाबेडा में मांझी हडाम सीताराम किस्कू के नेतृत्व में करमा पुजा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के अगल बगल से महिलाओं व युवतियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पुर्व गांव के पाहन ने पुरे विधि विधान के साथ पुजा अर्चना करवाया। मौके पर मांझी हडाम सीताराम किस्कू ने कहा कि बहनों ने अपने भाइयों के लंबी आयु के लिए उपासना रख करम डाल की पुजा की। और करम देव की कथा सुनी। इस मौके पर शनिचर मांझी, कानू मरांडी,मनु टुडू, मनाराम मांझी, मुनिश मांझी, शिवजी मांझी, विकास किस्कू, मोहन टुडू, विक्की पावरिया, अविनाश किस्कू,संदिप बेसरा, देवानंद हेंब्रोम, सोमेंद्र हेंब्रोम, अनिल हेंब्रोम, गीता देवी, फुलमति किस्कू, सीतामुनी देवी, ममता देवी, मोती देवी, लालमुनि देवी, सधनी देवी, रूपमनी देवी, सावित्री देवी, सोनाली, संजना, प्राची, सपना, रितिका,वर्शा, लवली, रेखा, श्वेता, ज्योति, निकिता, आकांक्षा किस्कू, बबली आदि दर्जनों युवक-युवतीया मौजूद थे।

## एसबीआइ बैंक तोपा में लगा पेड़ गिरा



**कुजू (आजाद सिपाही)। दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश की वजह से तोपा एसबीआइ बैंक शाखा के अंदर लगा पेड़ टूट कर गिर गया। जिससे बैंक का चहारदिवारी टूट गया और पेड़ सड़क पर आ गया। जिससे सड़क पर गुजरने वाले राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। इधर, कोयलांचल कुजू क्षेत्र में साइक्लोन मूसलाधार बारिश की वजह एवं रुक-रुक कर हो रहे बारिश व तेज हवा से आम जनजीवन पर खासा असर पड़ा है।**

# पतरातू क्षेत्रों में करमा पर्व धूमधाम से मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू क्षेत्र में करम पर्व धूमधाम से मनाया गया। यह त्योहार पतरातू सहित सांकुल, बारवाटोला, किरीगड़ा, टेरपा, रोचाप, पालू, हफुआ, कुर्बीज, बटुका , जयनगर सहित अनेक अन्य गांवों में करम पर्व मनाया गया। इसमें शनिवार की शाम गांव के अखरा या फिर चौराहे पर करम पेड़ की डाली गाड़ी गई। और देर रात किशोरियों और महिलाओ के द्वारा पारंपरिक तरीके से करम डाली की पूजा अर्चना की गयी। और अपने भाइयों के आयु, ऐश्वर्य और आरोग्य की कामना की। इसके साथ ही प्रकृति से अपने जुड़ाव को याद किया गया। फिर रविवार की सुबह आपस में किशोरियों एवम महिलाओ ने करम डाली की चारो ओर झूमर नृत्य की और फिर गांव के नजदीकी तालाब या फिर नदी में करम की डाली की विसर्जन किया गया। इस प्रकार दो दिवसीय करम पर्व का समापन रविवार के पूर्वार्ध में किया गया।

# गाड़ीलौंग दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने कुलदीप दास और सचिव सुधीर चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा।** दुर्गा पूजा धूम-धाम के साथ मनाए जाने को लेकर गाडीलौंग देवी मंडप प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक किया गया, जिसकी अध्यक्षता पत्रकार सह सिमरिया विस के विधायक प्रत्याशी कुलदीप दास, संचालन भाजपा नेता सुनील चौरसिया ने किया। बैठक में बीते वर्ष कि आय-व्यय की जानकारी लेते हुए इस वर्ष भी धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा एवं विजयदशमी के दिन भव्य मेला का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पत्रकार कुलदीप दास, सचिव सुधीर चौरसिया, कोषाध्यक्ष शोनु कुमार भुइयां, उपाध्यक्ष राहुल चौरसिया, उपसचिव अमलेश यादव, पूजा प्रभारी जुगल साव, मंडप प्रभारी दुवारिका बरई, और मेला का मुख्य प्रभारी भीम साव, तिलेश्वर साव, मनोज राणा, महेंद्र यादव, राजेश बरई, दीपू चौरसिया, और सुरेंद्र चौरसिया साथ ही दर्जनों संरक्षक मंडली सदस्य बनाया गया। इस मौके पर समाजसेवी प्रताप चौरसिया, शशि चौरसिया, गोपाल साव, विक्की चौरसिया, डॉक्टर आशीष चौरसिया, सुबोध यादव, बीरेंद्र कुमार, संदीप कुमार मौजूद थें।

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**हंटरगंज/चतरा।** थाना परिसर में रविवार को ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप तथा संचालन थाना प्रभारी मनीष कुमार ने किया ।बैठक में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर विभिन्न क्षेत्रो से निकलने वाले जुलूस की जानकारी ली गयी। सभी को ईद मिलादुन्नबी भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया गया गया। किसी भी समस्या उत्पन्न होने पर इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को देने की बात कही गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि आम लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीर है। चौक चौराहे पर पुलिस प्रशासन तैनात रहेगा। इस मौके पर एसआइ वीर बहादुर सिंह, एएसआई अजय महतो कौशलेंद्र कुमार सिंह, मुखिया बसंती पन्ना, विशुनधारी साव, सत्येंद्र सिंह, मो सेराज अंसारी, मो अमानुल्लाह अंसारी, सरफुद्दीन मंसूरी, सुनील यादव के अलावा दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थें। इसके अलावा वशिष्ठ नगर थाना में भी शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता सीओ सीताराम महतो व संचालन थाना प्रभारी प्रभात कुमार के द्वारा किया गया।

ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने की बात कही गयी। इस मौके पर दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थें।

# संगठन मजबूती को लेकर वार्ड सदस्यों ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** स्थानीय हाई स्कूल के मैदान में रविवार को वार्ड सदस्यों की एक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य रमेंद्र कुमार तथा संचालन श्यामदेव यादव द्वारा किया गया। बैठक में संगठन मजबूती को लेकर प्रखंड स्तरीय कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें रमेंद्र कुमार को अध्यक्ष, श्यामदेव यादव को सचिव, दीपेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, मनी देवी को उपाध्यक्ष एवं रूबी देवी, रामाशीष सिंह, अनिल यादव को मीडिया प्रभारी तथा राम नंदन प्रजापति ,अनीता देवी, श्यामफुल रानी, साजिया सगुफा, सहजादी, अशोक दास, मुकेश कुमार सिंह, निक्की कुमारी, अरुण यादव, निरंजन राम, कुलवंती देवी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## कोल्हान की खबरें

# सरयू राय से मिले बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री, संगठन विस्तार पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकाश मंत्री सह जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार करम पूजा में शामिल होने जमशेदपुर पहुंचे। रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओ ने अजय कुमार के नेतृत में मंत्री का भव्य स्वागत किया। उसके बाद ग्रामीण विकाश मंत्री श्रवण कुमार ने विधायक सरयू राय से उनके आवास में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मंत्री ने झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व संगठन की विस्तार को लेकर विधायक सरजू राय से चर्चा की।

## कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रविवार को कोडरमा थाना अंतर्गत चंद्रोडीह के समीप कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मितन दास (26 वर्ष, पिता गांगों दास, पता खुदासाख, गिरिडीह) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मोटर साइकिल से घर से तिलैया काम करने के लिए जा रहे थे, चंद्रोडीह के समीप कार ने अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की मदद से 108 के सहयोग से अस्पताल लाया गया।

# पीएम के आगमन पर भाजपाइयों में उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन को लेकर सरायकेला के भाजपाइयों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। रविवार को लगातार हो रही बारिश के बीच सरायकेला खरसावां विधानसभा क्षेत्र से लगभग तीन हजार से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा के नेतृत्व में एकत्रित हुए। भाजपा नेताओ के सहयोग से लगभग 150 वाहनों की कतार में सभी जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। सोनाराम बोदरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष रूप से कोल्हान क्षेत्र के जनता के विकास के लिए सौगात देंगे। इसको लेकर ग्रामीणों में हर्ष है।

# पीएम ने सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा नहीं की, ठगे गये आदिवासी : डॉ अजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर गोपाल मैदान में परिवर्तन रैली के दौरान प्रधानमंत्री के द्वारा आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा नही करने पर पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने हमला बोला। उन्होंने कहा आदिवासियों को विश्वास था शायद प्रधानमंत्री परिवर्तन रैली में सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा करेंगे। लेकिन घोषणा नहीं की। जिससे एक बार फिर झारखंड की आदिवासियों में निराशा हुई। एक बार फिर से आदिवासी समुदाय ठगे गये। डॉ अजय ने कहा पिछले कई वर्षों से आदिवासी समुदाय अपने सांस्कृतिक और धार्मिक आजादी की प्रतिक सरना धर्म कोड को लागू करने के लिए आंदोलनरथ है। जबकि मुख्यमंत्री हेंमत सरकार दो वर्ष पूर्व ही सरना धर्म कोड से संबंधित विधेयक पास कर केंद्र को भेज दिया था। लेकिन मोदी सरकार इस ओर ध्यान नहीं देकर आदिवासियों की हमदर्द बनने का नाटक कर रही है। इससे भाजपा की पोल खुल गयी। प्रधानमंत्री झारखंड में आ कर भी सरना धर्म कोड को लागू करने की घोषणा नहीं की। रविवार जमशेदपुर में प्रधानमंत्री के द्वारा घुसपैठी पर दिए गये भाषण के बाद डॉ. अजय कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा झूठ बोलने में प्रधानमंत्री को महारत हासिल है। भारत देश के पहले प्रधानमंत्री है जिनके नाम लगातार झूठ बोलने का रिकार्ड दर्ज है। उन्हें झारखंड की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# पांडेयपुरा दुर्गा पूजा समिति का गठन, शशि रंजन बने अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के पांडेयपुरा बाजार में स्थानीय लोगों दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पांडेयपुरा दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शशि रंजन प्रसाद को समिति का अध्यक्ष, राजेश प्रसाद को सचिव, सुमन प्रसाद को कोषाध्यक्ष, दीपक पासवान को उपाध्यक्ष, विजय प्रसाद साहू को उपसचिव, धीरज प्रसाद को उपकोषाध्यक्ष के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। इस मौके पर पांडेयपुरा बाजार में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। दुर्गा पूजा के मौके पर प्रयागराज के रामलीला मंडली द्वारा रामलीला कार्यक्रम का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में रंजीत ठाकुर, जगनारायण भारती, पंकज कुमार, आनंद कुमार, सुधीर प्रसाद, सनोज कुमार, उमेश साहू, आलोक कुमार तिवारी, वीरेंद्र प्रसाद, बृजेश कुमार उपस्थित थे।

## आवास योजना का गृह प्रवेश कराया गया




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रविवार को कोडरमा जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सभी प्रखंड के ग्राम पंचायत में पूर्ण आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित कराया गया। जनप्रतिनिधियों तथा प्रखंड एवं पंचायत कर्मियों के द्वारा गृह प्रवेश कुंजी एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतगर्त आवास प्लस में विभाग से स्वीकृत लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण तथा आवास पूर्णता हेतु ग्रामसभा का आयोजन।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
07

# गढ़वा में भारी बारिश, दानरो नदी और सरस्वती नदी में आयी बाढ़ से मचा हड़कंप

विजय प्रताप देव



बाढ़ का मुआयना करते उपायुक्त शेखर जमुआर।





**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा में शनिवार से पिछले 24 घंटे के दौरान हो रही भरी बारिश के कारण करीब डेढ़ दशक के बाद गढ़वा की लाइफ लाइन मानी जाने वाली दानरो नदी और सरस्वती ने विकराल रूप धारण कर लिया है। सरस्वती नदी के बढ़ का पानी कई घरों में घुस गया है। जिससे शहर में हड़कंप मच गया है। बाढ़ ने गढ़वा शहर तथा जिले के विभिन्न इलाकों में तबाही मचाकर ग्रामीणों को चेतावनी दे दी है। लगातार हो रही बारिश ने शहर के ड्रेनेज सिस्टम की भी पोल खोल दी है। शहर में नालियों के जाम होने के कारण भी कई घरों में पानी घुस गए हैं। वहीं बाढ़ ने नदी किनारे मकान बनाये लोगों को भी चेतावनी दे दी है।

बाढ़ की पनी से पुरना समाहरणालय से मझिआंव मोड के बीच में कई पुलों पर ऊपर से पानी गुजर रहि है। नदी के किनारे बने कई मकान के हिस्से क्षतिग्रस्त हुए हैं। लोगों के घरों में पानी घुसा है। लोग किसी प्रकार से अपने अपने मकान के ऊपरी हिस्से जाकर सिमटे हुए हैं। लोगों का कहना है कि 15 वर्ष बाद ही गढ़वा में ऐसी बाढ़, बरिश आयी है। शहर का नगवां मुहल्ला टापू बनकर रह गया है। चारो तरफ से नदी और नाला से घिरे यह मुहल्ला शहर से कटा रहा। हालांकि मथुरा बांध, बाबा जी का पुल सहित सात पुल इस मुहल्ले को शहर से जोड़ने के लिए बनाये गये हैं। जो सरस्वती एवम तिलैया नदी पर बने हैं। जिसमे से पांच पुलों पर पानी का बहाव रविवार को खतरे के निशान से ऊपर रहा। जिसके कारण मुहल्लेवासियों का आवागमन बाधित रहा और वे शहर से कटे रहे। हालांकि जिला प्रशासन इस भीषण बाढ़ को लेकर रविवार को दिनभर अलर्ट रहा। उपयुक्त शेखर जमुवार और पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय नदियों के जलस्तर से आई भरी बढ़ोत्तरी घरों में घुस पानी का मुआयना करते दिखे।

## कांडी प्रखंड में पंडी और चोरांटी नदी उफान पर





कांडी। प्रखंड क्षेत्र में रविवार की सुबह से हो रही बारिश ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। प्रखंड स्थित पंडी नदी, चोरांटी नदी उफान पर है। सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित पंडी नदी में बाढ़ आ गयी। बाढ़ का पानी सेतु मार्ग के ऊपर से बह रहा है। भगवती मंदिर सहित मां काली व मां लक्ष्मी के गर्भ गृह में भी पानी भर गया है। भगवती मंदिर में 6 फीट तक पानी भरा हुआ है। पुजारी प्रवीण पांडेय व आदित्य पाठक ने बताया कि आज सुबह में पूजा आरती के समय मंदिर के अंदर कुछ कम पानी था लेकिन 11 बजे के बाद मंदिर के अंदर पूरा पानी भर गया। उत्क्रमित प्रावि तेलियानिजामत स्कूल के सभी वर्ग कक्ष में बारिश का पानी भर गया। उधर खरौंधा प्रखंड के जयनगरा गांव निवासी राकेश ठाकुर का कच्चा मिट्टी का घर वर्षा की पानी से ध्वस्त हो गया। बाल-बाल बच्चे घर के लोग। अधौरा गांव निवासी मुनेश्वर ठाकुर का मिट्टी का चाहरदीवारी ध्वस्त हो गया है। कोयल नदी का भी जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।दोपहर बाद वारिश बंद होने से लोगों ने राहत की सांस लिया है।

## पेशका तीसर टेटू का मुख्य मार्ग में बवई नाला पुलिया भारी बारिश से बही



मेराल। मेराल प्रखंड के पेशका तीसर टेटू का मुख्य मार्ग में पड़ने वाला बवई नाला पर बना हुआ पुलिया भारी बारिश के कारण बह गया। पेशका तीसरटेटूका, कोटाम और झोतर गांव को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग था। पुलिया बह जाने से तीसर टेटू का होते पेशका भाया प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय जाने वाला मुख्य सड़क से कई गांव का संपर्क मार्ग कट गया है। अब तीसरटेटूका पंचायत भवन में आने जाने तथा गढ़वा एवं मेराल प्रखंड मुख्यालय आने के लिए लगभग पांच किलोमीटर की अधिक दूरी तय करना पड़ेगा। बवई नाला पर पूर्व से बना हुआ पुलिया पहले से ही क्षती ग्रस्त हो गया था।जिसका नया निर्माण के लिए स्थानीय लोगों द्वारा लगातार मंत्री से मांग किया जा रहा था। इसी तरह प्रखंड मुख्यालय के बगल स्थित सरस्वतीया नदी पुल के उपर से लगभग तीन फीट पानी बह रहा था। जिस कारण मेराल थाना एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेराल तीन कोनिया तक आने जाने का सड़क लगभग तीन घंटे तक बंद रहा।

## भारी बारिश के बीच हुआ निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शनिवार शाम से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद रविवार को जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा और नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुड़गांव के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। गढ़वा जिले के साथ साथ निकटवर्ती डाल्टनगंज, रामानुजगंज और विश्रामपुर के लगभग 22 मरीजों ने बारिश को दरकिनार करते हुए इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने इन रोगियों की जांच कर 4 मरीजों में विभिन्न हृदय रोगों की पहचान की। रामानुजगंज से आयी एक पांच वर्षीय बालिका के साथ तीन रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गयी। वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया कि क्षेत्र के रोगियों में जागरूकता का अत्यधिक अभाव है। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह और अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है। अन्य रोगियों के लिए भी न्यूनतम संभव शुल्क पर ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर को सफल बनाने में पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, स्पेशल कमिटी कसदस्य विजय केशरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी , जायंटस अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान आदि ने अहम भूमिका निभायी।

## दिव्यांग असहाय और जरूरतमंद लड़के लड़कियों का आदर्श विवाह कराने का निर्णय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आदर्श विवाह आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक समिति के अध्यक्ष विजय कुमार केसरी की अध्यक्षता में ओम भवन में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व की भांति अगले वर्ष 2025 में दिव्यांग असहाय एवं जरूरतमंद लड़के-लड़कियों का आदर्श विवाह कराने का निर्णय लिया गया। विवाह के लिए चयनित लड़का और लड़की में से किसी एक का गढ़वा जिला का होना आवश्यक है और लड़का एवं लड़की दोनों कानूनी प्रक्रिया के तहत विवाह करने के योग्य हों। विवाह के योग्य लड़का एवं लड़कियों के लिए चयन की प्रक्रिया माह अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो जायेगी। विवाह के लिए इच्छुक असहाय, दिव्यांग और जरूरतमंद लड़के-लड़कियां और उनके अभिभावक उनका नाम समिति के अध्यक्ष विजय केसरी के पास दे सकते हैं। जिनका मोबाइल नंबर 7762930203। है। बैठक में विनोद कुमार पाठक दीपक तिवारी रविंद्र प्रसाद केसरी, कमलेश कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू बाबू, सुनील कुमार अग्रवाल, ओम प्रकाश केसरी आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन समिति के सचिव प्रो .डॉक्टर उमेश सहाय ने किया।

## करमा प्रकृति आराधना का पर्व : नितेश सिंह



रंका (आजाद सिपाही)। करमा पर्व के अवसर पर बिस सूत्रि के गढ़वा जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने रंका प्रखंड अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत के बसकटिया टोला और कटरा पंचायत के बरवाही गांव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से करमा व्रतियों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर नितेश सिंह ने रशिया-रोपनी भैया बहनों के साथ मांदर बजाने व नाचने का भी आनंद उठाया। उन्होंने कहा कि करमा पर्व प्रकृति आराधना का पर्व है। हमें प्रकृति रक्षा करती है और हम सबको प्रकृति की सुरक्षा करना चाहिए। इस मौके पर रंका झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, धर्मेन्द्र उर्फ रौशन पाठक, विश्रामपुर मुखिया प्रतिनिधि विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह, जगदीश सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता व अस्मिता का प्रतीक है: एमपी केसरी




गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में हिन्दी दिवस के मौके पर कक्षा 6 से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया। निदेशक ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है। यहां कई धर्म और जाति के लोग रहते हैं अलग-अलग भाषाएं, बोलियां बोलने वाले लोग होते हुए भी हिंदी जन-जन की भाषा है जो सभी लोगों को एकता के सूत्र में बांधे हुए है। हिंदी को रोजगार की भाषा बनाने के लिए पहल करना आवश्यक है। भारतीय संविधान में हिंदी को 14 सितंबर 1949 को देश ने आत्मसात किया जो अपनी लगातार अस्मिता के लिए लड़ते बढ़ते रहा। विद्यालय की ओर से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन की गयी है, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता,आर्ट कलरिंग तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में चयनित छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। आर्ट गैलरी कला में प्रथम मोहित कुमार, द्वितीय सृष्टि कुमारी और आर्या चौबे तथा तृतीय स्थान पर खुशबू कुमारी, अजीत कुमार तथा शिवांगी कुमारी ने स्थान प्राप्त किया स्थान प्राप्त किया।

# जल नल योजना में घोर अनियमितता, ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रधानमंत्री के द्वारा कई प्रकार की महत्वाकांक्षी योजना चलाया जा रहा है। उसमें से एक महत्वाकांक्षी जल नल योजना है। जिसके तहत प्रत्येक जलमिनार से 30 घरों को पानी देने का प्रावधान है। ताकि लोगों को सुलभ तरीके से पेयजल हर घर में नल के माध्यम से जल मिल सके, परंतु प्रखंड में यह हाथी का दांत साबित हो रहा है। प्रखंड क्षेत्र में जल नल योजना में भारी अनिमिययता बरती जा रही है। ऐसा ही जीता जागता उदाहरण प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत में देखने को मिल रहा है। मुकुंदपुर पंचायत में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से जल नल योजना की कार्य की जा रही है। अभी कार्य पूरा भी नहीं हुआ की कई प्रकार की शिकायत मिलने लगी है। भाजपा के पंचायत सह संयोजक नंदकिशोर प्रसाद उर्फ राजा प्रसाद ने बताया कि मुकुंदपुर के वार्ड दो में पांच माह पहले जल नल योजना से जल मीनार लगाया गया है। लेकिन अभी तक घरों में पानी देना तो दूर सिंटेक्स में पानी तक नहीं भर पाया है। मुकुंदपुर गांव में कई जल मीनार ऐसा है, जो कुछ दिन पानी देने के बाद बंद हो गया है। इतना ही नहीं बल्कि चारमीनार से घरों में ले जा रहे पाइप फट जाने से सड़कों पर कई स्थानों पर जलजमाव की समस्या की सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। जैसे-तैसे संवेदक योजना की कार्य करा कर रफूचक्कर हो जाने की तलाश में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग किया है। वार्ड सदस्य ज्ञांति देवी ने बताया कि मेरे वार्ड में लगा जलमिनार पांच माह बाद भी किसी को लाभ नहीं मिल पाया। जबकि लगने के दूसरे दिन हमलोगों ने देखा की सिंटेक्स फटा हुआ है। जिसमें जलमिनार पर रखा पानी से लबालब भरा सिंटेक्स अचानक फट गया था। इस मौके पर सुनैना देवी, तारा देवी, बिगन देवी, सुमन देवी, ओमप्रकाश प्रसाद, निरंजन प्रसाद, राजेंद्र साह, विनोद वियार, राजू साह, सीताराम प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री बलभद्र पूजन समारोह, एकजुट हुआ कलवार समाज

**समाज को आगे बढ़ाने के लिए सदस्यों से सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन करने का आवाहन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** युवा ब्याहुत कलवार समाज श्री बंशीधर नगर की ओर से रविवार को शहर के चचेरिया स्थित अलका मैरिज हॉल में आराध्य देव श्री बलभद्र भगवान की जयंती व पूजन समारोह का आयोजन किया गया। शुरूआत कुल देवता भगवान बलभद्र के पूजन-हवन से हुआ। जहां पंडित रामचंद्र पाठक ने विधि पूर्वक मंत्रोच्चार से भगवान बलभद्र जी की प्रतिमा का पूजन संपन्न कराया। इसमें यजमान के रुप मे मनोज प्रकाश और सुचिता देवी, रूपेश कुमार और शोभा देवी, उमाशंकर प्रसाद एवं राधा देवी, प्रमोद कुमार और सुनीता देवी तथा पंकज कुमार एवं विजिता देवी ने भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक डॉ ओम प्रकाश ने कहा कि भगवान बलभद्र का मुख्य अस्त्र हल और मूसल है, ऐसे में इनका पूजा कृषक समाज के लिए अहम हो जाता है। कलवार समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। यह समाज हजारों वर्ष पहले भगवान बलभद्र के कुल खानदान के हैं। कलवार समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है, इसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने समाज को एक सूत्र में बांधने की जरूरत पर बल दिया। सीताराम जायसवाल ने कहा कि यह समाज व्यवसाय से भले ही जुड़ा हुआ है, लेकिन सामाजिक और राष्ट्रीय नवनिर्माण में हमेशा से अपना योगदान देता रहा है। इस समाज के लोग दुनिया में जहां भी कहीं है, समाज के विकास के लिए न सिर्फ चिंतित रहते हैं बल्कि उनके विकास के लिए प्रयत्नशील भी रहते हैं। कार्यक्रम को संबोधन करने वाले वक्ताओं में कामता प्रसाद, सीताराम प्रसाद, अजय मुखिया, लता देवी, अजय गुप्ता, युवा कलवार समाज के अध्यक्ष उमेश कुमार चाहत आदि का नाम शामिल है।

## करम पूजा प्रकृति की पूजा है : दिलीप तिर्की



**भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम तेनटाड टोला मे भाई बहन का पर्व कर्मा पूजा बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। उसके उपरांत उनके द्वारा पारंपरिक गाजे बजे व पूजा से संबंधित गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के खाद आपूर्ति विभाग के डायरेक्टर दिलीप तिर्की ने कहा कि करम पूजा प्रकृति की पूजा है, यहीं से हम किसानों को सुख समृद्धि की शुरूआत होता है और नयी-नयी फसलों को उगाने का काम करते हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तुर्की, लक्ष्मण उरांव, नीलम कुजूर, संचालन कर्ता मंजू कुजूर संरक्षक झगरू मिंज अध्यक्ष वीरेंद्र कोरवा सिंपरोजा मिंज, रावेल बाखला, सिंधु कच्छप सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।**

## इलाज के लिए गढ़वा ले जाने के दौरान मरीज की मौत, समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराने का लगा आरोप

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** पंडरिया पंचायत के सरैया गांव निवासी सरयू साह की मौत इलाज के लिए गढ़वा ले जाने के दौरान नगर उटारी में हो गयी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया है। समाचार के अनुसार सरैया निवासी सरयू साह (50 वर्ष) को पड़ोसी ब्रजेश कुमार गुप्ता व साला मुरली साह रविवार को दोपहर करीब दो बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाये थे। सरयू साह को बुखार तथा उल्टी में खुन आने की शिकायत थी। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर नितिश भारती ने इलाज किया था, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस आने में थोड़ी देर हुई। इलाज के लिए गढ़वा ले जाने के क्रम में नगर उटारी में ही मरीज की मौत हो गयी।

## दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष बने हितन साह




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत केपी एम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के प्रांगण में सिंदुरिया पुनर्वास के ग्रामीणों ने दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष हितन साह, उपाध्यक्ष ददूली साह, सचिव उपेंद्र कुमार गुप्ता, सह सचिव रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विकास वियार, सह कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, संगठन मंत्री श्याम लाल पासवान, विवेक गुप्ता, मुख्य संरक्षक सुजीत पासवान, अन्तु साह, संरक्षक आनंद पासवन, निर्देशक लल्लू प्रसाद गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य सुनील, सुनील गुप्ता, दिनेश साह, वीरेंद्र भूइयां, हंसराज गुप्ता, अरविंद्र गुप्ता, आशीष पासवान, दिनेश भूइयां को बनाया गया।**

# प्रकृति, संस्कृति और बेटी बचाने का संदेश देता है करमा : मंत्री

**मांदर की थाप पर खूब थिरके मंत्री, ग्रामीणों के साथ मनाया करमा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले भर में करमा पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ काफी धूमधाम से मनाया गया। करमा पर्व के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ करमा पर्व मनाया। इस दौरान मंत्री मांदर बजाकर ग्रामीणों के साथ खूब थिरके। मंत्री ने सभी को करमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर को माला पहना कर भव्य स्वागत किया।

करमा पर्व के मौके पर मंत्री श्री ठाकुर मेराल प्रखंड के ग्राम बाना, रामबांध टोला, अलगडीह में आयोजित करमा पूजा महोत्सव में शामिल हुए। साथ ही गढ़वा प्रखंड के बीरबंधा सरना स्थल के समीप आयोजित करमा पूजा कार्यक्रम, ग्राम दुबे मरहटिया के बरवाही टोला, ग्राम कमरमा में आयोजित करमा पूजा महोत्सव, मुखिया गौरी देवी के घर के समीप आयोजित करमा पूजा महोत्सव, चिनियां प्रखंड के आईटीआई के बगल में चारमुहान के समीप अखिल भारतीय आदिवासी महासभा चिनियां के तत्वाधान में आयोजित करमा पूजा महोत्सव, ग्राम डोल में देवीधाम के समीप आयोजित करमा पूजा महोत्सव में शामिल हुए।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि करमा प्रकृति, संस्कृति और बेटी को बचाने के साथ-साथ उनका सम्मान करने का संदेश देता है। यह पर्व कृषि, दर्शन और भाई-बहन के प्रेम की अभिव्यक्ति का प्रतीक पर्व है। करमा पर्व कर्म और धर्म दोनों को सम्मान देता है। पूरे झारखंड में काफी धूमधाम और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ करमा पर्व मनाया जाता है। सरहुल के बाद करमा झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति पर्व है। इस पर्व में करम देवता की पूजा अर्चना की जाती है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो चौधरी, रामसागर उरांव, राजेश, मुखिया गौरी देवी, सजीवन कोरवा, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय सेवा संस्था लायंस क्लब और लियो क्लब ऑफ ऑसम का पद स्थापना समारोह मनाया गया

**गढ़वा। अंतरराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम तथा लियो क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम का पद स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। शहर के कचहरी रोड स्थित उत्सव गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, जिला पाल सीमा वाजपेई, इंस्टॉलेशन ऑफिसर उप जिलापाल संजय कुमार, गेस्ट ऑफ ऑनर रीजन चेयरपर्सन उमेश अग्रवाल, जॉन चेयरपर्सन देवानंद शर्मा व इंस्टॉलिंग चेयरपर्सन राकेश पाल ने भी संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि दस साल से वे इस संस्था से जुड़े हैं। आज से नहीं बचपन से लायंस क्लब के बारे में सुनता हूं। हरेक वर्ष संस्था के द्वारा सेवा कार्य किया जाता है। लायंस क्लब के कार्यों को बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य करने के लिए वार्षिक कलेंडर बनना चाहिए। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ असजद अंसारी बने अध्यक्ष: सत्र 2024 25 के लिए लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम का अध्यक्ष डॉक्टर असजद अंसारी को बनाया गया।**

# पलामू प्रमंडल की सभी सीटों के लिए विधानसभा स्तरीय सम्मेलन होगा: बह्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच द्वारा आहुत विधानसभा स्तरीय बैठक नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बह्मदेव प्रसाद ने की। रविवार को हुई इस बैठक में सभी प्रखंडों से ओबीसी समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक का संचालन सोनू कुमार यादव ने किया। प्रेसवार्ता में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने बोलते हुए कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में हमलोग विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी राजनीतिक दल हमसे जुड़ना चाहता है, उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए हमारी कोर कमेटी की बैठक में चुनाव संचालन समिति की बैठक में यह तय होगा कि कौन सा प्रत्याशी किस विधानसभा सीट से लड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी राजनीतिक दल हमारे बायोलॉज को मानेगा और अगर वो हमसे जुड़ना चाहता है तो, हम उनका स्वागत करेंगे। बैठक में ओबीसी के केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चौधरी, आनंद विश्वकर्मा, ओबीसी मोर्चा के युवा जिला अध्यक्ष शुभम गुप्ता, राजनारायण पटेल, बरुण बिहारी, हरिओम यादव, प्रिंस ठाकुर, अख्तर अंसारी, सर्वेश कुमार ठाकुर, सतवंत कुमार यादव, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, कपिल देव राउत, अजीत कुमार यादव, श्याम सुंदर यादव, श्रवण यादव, श्याम नारायण यादव, बिजेंद्र यादव, रवि पटेल, विशाल कुमार केशरी, अकबर अंसारी, विकास जायसवाल, बिलास यादव आदि उपस्थित थे।

## डीयू छात्रसंघ चुनाव में शामिल होने एनएसयूआइ प्रदेश अध्यक्ष विनय रवाना



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव 27 सितंबर को होना तय हुआ है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के आदेशानुसार पूरे भारत से सभी राज्यों की टीम पहुंचेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय में झारखंड व बिहार के हजारों विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। उनसे संपर्क साधने तथा पार्टी के विचारधारा से जोड़ने व संगठन को मजबूती करने के लिए के लिए झारखंड से 25 सदस्य टीम के साथ एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव दिल्ली रवाना हुए।

## देश हित के लिए बीजेपी का संकल्प पत्र अभियान जरूरी : सत्यम कुमार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लोहरदगा नगर पालिका के समीप भाजपा संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार के नेतृत्व में संकल्प पत्र सुझाव संग्रह अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। उन्होंने कहा कि देश की स्थिति को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संकल्प अभियान पत्र पूरे देश में चलाया जा रहा है देश हित के लिए संकल्प पत्र अभियान से जुड़कर अपने-अपने बातों को रखें। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, नगर उपाध्यक्ष अशोक कासकार, शक्ति केंद्र संयोजक कमलेश कुशवाहा, प्रमोद प्रजापति, रीता पांडे, छवि सिंह, कविता देवी, मंजू अग्रवाल, लक्ष्मी गोयल, माधुरी देवी, रेनू अग्रवाल, सीमा देवी, चंदू देवी, सुनीता अग्रवाल, किरण गुप्ता, सुनीता केसरी, सरिता देवी, फिर मंजू देवी, छवि सिन्हा, पूनम देवी, सरिता साहू, नीलू देवी, उमा देवी, सोनाली सिंह, चंदा सिन्हा, रेखा देवी, रागिनी तिवारी, रीता अग्रवाल, राखी अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, अनु रोय एवं आदि लोग उपस्थित थे।

## कुडू में करमा त्योहार धूमधाम से संपन्न



**कुडू (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड क्षेत्र में कर्मा त्योहार काफी धूमधाम एवं भक्ति भाव से मनाया गया। शनिवार को रात्रि में कर्मा डाली में पुरोहित, पाहन के द्वारा व्रतियों ने विधिवत पूजन कर अपने परिवार की मंगलकामना की। इस मौके पर शनिवार रात्रि से लेकर रविवार पूरे दिन कर्मा नृत्य, संगीत से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। प्रखंड क्षेत्र के जुरियो, कुंडगड़ा, बड़की चांपि, सलगी, जिमा, ओपा, कुडू, चिरी जिमा, चुन्द, बहेराटोली, होटवार, बंदुआ, दुबांग, छोटकी चांपि सहित पूरा प्रखंड क्षेत्र प्रकृति पूजा कर्मा के उत्साह से सरोबार रहा। इस मौके पर व्रतियों ने करम-धरम के कहानियां पूरे भक्ति भाव से सुनी, पूजन की, प्रसाद वितरण की एवं अपने भाइयों की रक्षा करने को लेकर कर्म डाली से प्रार्थना की। इस मौके पर कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी, बड़की चांपि मुखिया राजधन भगत, बड़की चाँपि उप मुखिया हेना तिवारी, मनेश्वर उरांव, गंदरु उरांव,एतवा भगत,सोमा उरांवक, फूलदेव भगत, ललित भगत, रविन्द्र भगत, पाहन एतवा उरांव मुनि पाहनसहित काफी संख्या में महिला पुरुष करमा पर्व के मौके पर उपस्थित थे।

## सीताराम येचुरी के निधन पर शोक जताया

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) लिब्रेशन, लोहरदगा जिलाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि गरीबों एवं मेहनतकशों के सच्चे साथियों में एक कॉ. सीताराम येचुरी की कमी सदा खलती रहेगी। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी गयी तथा शोक संतप्त परिवार एवं साथियों को दुख सहने की कामना की गयी। शोक सभा में कॉ. महेश कुमार सिंह, बीपी गुप्ता, चंद्रकांत सिंह, सुखदेव भगत, हजारी उरांव, दिलमोहन साहू, मनु ठाकुर, अल्ताफ कुरैशी, पारसनाथ महतो, एमजेड आलम, आर के महतो आदि शामिल थे।

## बरवाडीह रसोइया संघ की बैठक में महाधरना में शामिल होने का आह्वान




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ प्रखंड कमिटी बवाडीह का बैठक रविवार को पुराना ब्लॉक के परिसर मे रसोइया संघ के प्रखंड सचिव रीना देवी के अध्यक्षता मे की गयी। इस बैठक मे रसोईया संघ से जुड़े प्रखंड के पदाधिकारी सहित अन्य रसोईया कर्मी शामिल हुए बैठक मे रसोइया कर्मी के वेतन सहित अन्य मांगो को लेकर 20 सितंबर 2024 को रांची मोराबादी मैदान मे राज्य स्तरीय होने वाला महाधरना के तैयारी को लेकर किया गया। रसोइया संघ के प्रखंड सचिव रीना देवी ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी मिलना नामुनकिन है संघर्ष के बल पर ही 10 माह की जगह 12 माह का बेतन देने की मंजूरी सरकार दी है लेकिन कम से कम दस हजार रुपए हमें वेतन मिले और समय पर मिले। पेंशन योजना लागु हो, मातृत्व अवकाश सहित अन्य मांगो को सरकार तत्काल पूरा करें। सबो ने महा धरना मे शामिल होने का आह्वान किया है।

## ग्रीनफील्ड अकादमी के छात्र सीबीएसइ क्लस्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में हुए शामिल




**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा ग्रीन फील्ड अकादमी के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की एक टीम 15 सितंबर 2024 से 20 सितंबर 2024 तक सेंट स्टीफन स्कूल, हजारीबाग में आयोजित हो रहे सीबीएसइ क्लस्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हो चुकी है। जिसमें कुशल युवा खिलाड़ी शामिल हैं, इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी और अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और खेल भावना का प्रदर्शन करेगी। टीम का नेतृत्व कोच शुभम कुमार श्रीवास्तव करेंगे और उनके साथ प्रबंधक श्री पीटर केरकेट्टा भी रहेंगे, जिन्होंने इस टूर्नामेंट के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह आयोजन क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ वॉलीबॉल टीमों को एक साथ लाता है और हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी न केवल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, बल्कि उन्हें बहुमूल्य अनुभव और अवसर भी प्राप्त होंगे। हमारी शुभकामनाएं टीम के साथ हैं और हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी अपने प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे। उनकी भागीदारी हमारे विद्यालय की अकादमिक और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

# तेज आंधी और बारिश से कई पेड़ गिरे, दर्जनों घरों को हुआ नुकसान

रेल और सड़क यात्रा घंटों रही प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय व आसपास के क्षेत्र में रविवार की सुबह आई तेज आंधी तूफान एवं बारिश से कई विशाल पेड़ गिर गये। जिससे घंटो रेल यातायात प्रभावित हुई। वही इससे किसी तरह की कोई नुकसान नहीं हुई है। वहीं इससे रेल विभाग भारी नुकसान हुआ है। रविवार सुबह चक्रवाती तेज आंधी तूफान व बारिश से बरवाडीह रेलवे स्टेशन में कई पेड़ गिर गए।रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो में खड़ी बरवाडीह - गोमो सवारी गाड़ी में रेलवे प्लेटफार्म में बना रेलवे कैंटीन तेज आंधी में उड़ कर रेलवे बोगी में जा गिरी। इससे रेलवे कैंटीन का कई सामान बर्बाद हो गये। जिससे कैंटीन मालिक को काफी नुकसान हुआ। वहीं तेज आंधी से रेलवे प्लेटफार्म नंबर एक समेत रेलवे यार्ड के पटरिया में कई पेड़ समेत रेलवे का कई समान बिखर गये। तेज आंधी तूफान से जहां सुबह बरवाडीह से खुलने वाली बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन ट्रेन, बरवाडीह गोमो सवारी गाड़ी बरवाडीह में खड़ी रही। वही राजधानी एक्सप्रेस केचकी स्टेशन में, पलामू एक्सप्रेस डाल्टनगंज स्टेशन समेत अन्य कई गाड़ियां अन्य कई स्टेशन में खड़ी रही। अधिकारियों की देखरेख में दुरुस्त करते हुई रेल यातायात सामान्य किया गया। सभी ट्रेनों को खुलवाया गया। वही तेज आंधी एवं बारिश से रेलवे आइओडब्ल्यू ऑफिस के सामने विशाल पेड़ गिर जाने के कारण ऑफिस के बाहर खड़े दर्जनों मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा तेज आंधी एवं बारिश से रेलवे क्लब का छत उड़ गया। वहीं आरपीएफ बैरक के सामने, बरवाडीह कन्या मध्य विद्यालय के परिसर, नदी किनारे पंप हाउस के पास समेत कई जगहों में विशाल पेड़ गिर गये। जिसे संबंधित विभाग व वन विभाग द्वारा हटाया गया। वहीं मूसलाधार बारिश से प्रखंड के सभी नदी नाला उफान पर है। मूसलाधार बारिश से प्रखंड का बिजली सेवा बाधित है। वहीं लगातार हो रही बारिश से कई घरों को भी नुकसान हुआ है।



## भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**गारू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में लगातार भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रखंड की पहाड़ी नदियों ने विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे गांव का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। शनिवार रात जोरदार बारिश हुई, जिसके बाद रविवार सुबह महुआडांड़-मेदिनीनगर पथ स्थित राजडंडा नदी के पूल को पार करके पानी बहने लगा। इससे यातायात घंटों तक बाधित रहा। लोग नदी के किनारे खड़े होकर बाढ़ कम होने का इंतजार कर रहे थे।गारु के सतनादिया मे भी बाढ़ के कारण तीन घंटे वाहन फंसे रहे। पिछले कई वर्षों बाद नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। बाढ़ के कारण पुल की रेलिंग का एक पाइप छतिग्रस्त हो गया है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा घाघरा पथ पर मोटर साइकिल नंबर जे एच 01 डी डब्लू 7943 में गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना क्षेत्र निवासी बसंत लोहरा का 21 वर्षीय पुत्र रमेश लोहरा एवं बंधना उरांव का पुत्र पवन उरांव अनियंत्रित होकर गिर कर दोनों घायल हो गये। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने इलाज के लिये सामूदायिक स्वास्थ केंद्र सेन्हा पहुंचाया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी घटना मोटर साइकिल संख्या जे एच 01डी एफ 9945 में सवार शांति बाखला का पुत्र विकास बखला और विलियम बडा का पुत्र अभिषेक बड़ा जानवर को बचाने में गिर कर दुर्घटना घायल हो गये। जिसे उन दोनों घायलों को बजी स्थानीय ग्रामीणों के शतोग से सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा अस्पताल पहुंचाया गया। वही चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायल युवक खतरे से बाहर हैं।

# खेत के पानी में मुंह के बल गिरने से व्यक्ति की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के इर्रो व झरगांव के बीच खेत के पानी में मुंह के बल गिरने से इर्रो निवासी 50 वर्षीय सोमरा उरांव की मौत हो गयी। इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे अमृत घोषित कर दिया जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र ने बताया करमा पर्व का आज दूसरा दिन है मेरे पिताजी को पोसंगा गांव दोस्तों ने बुलाया था। जहां उन्होंने शराब का सेवन कर लिया। घर वापसी के क्रम में इर्रो और झर गांव के बीच पानी भरे खेत में मुंह के बल गिर गए। करीब 10 से 15 मिनट तक वह मुख्य बल गिरे ही थे तभी इस रास्ते से एक आदमी जा रहा था जिसने घर आकर बताया कि तेरे पिताजी खेत में गिरे हैं। हम लोग तुरंत वहां पहुंचे और उन्हें घर ले कर आए। इसके बाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। जब हम लोग छोटे थे उसी समय मेरी मां की मौत बीमारी से हो गयी थी। हम लोग दो भाई बहन हैं। सिर से पिता का साया उठ जाने से दोनों बच्चे विलाप करके रो रहे थे।

## दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सिमडेगा रोड स्थित बघिमा के समीप मोड में दो बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में टीवीएस बाइक सवार पालकोट थाना क्षेत्र के रामा टोली बीस कट्ठा निवासी सुरेश लकड़ा घायल हो गया। वह गुमला से अपने घर बाइक से जा रहा था। तभी बघिमा मोड में सामने से आ रहे बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। वहीं दूसरी और गुमला शहर से सटे करौंदी निवासी मिलन कुजूर पालकोट से अपने घर करौंदी लौट रहा था। वह गुमला के एक दुकान में काम करता है। कर्मा पर्व का छुट्टी होने के कारण पालकोट की ओर घूमने गया था। वापसी के क्रम में टीवीएस सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में मिलन के पैर सहित अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी और उसका एक पैर टूट भी गया। गंभीर चोट लगने के कारण मिलन को डॉक्टर ने रिम्स रांची रेफर कर दिया। जबकि सुरेश का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में मनाया गया इंजीनियर दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 15 सितंबर 2024 को गुमला पॉलिटेक्निक में इंजीनियर दिवस को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को माला और पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की जयंती 15 सितंबर को इंजीनियर दिवस के रूप में मनाकर भारत एक महान सिविल इंजीनियर, एक दूरदर्शी राजनेता को श्रद्धांजलि देता है, जिनके अग्रणी कार्य ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में क्रांति ला दी और भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, माइनिंग और ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न



शाखाओं के छात्रों ने 91 से अधिक प्रभावशाली प्रोजेक्ट मॉडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गुमला जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी और विशिष्ट अतिथि गुमला जिला के वन अधिकारी अहमद बेलाल अनवर ने किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट मॉडल का उल्लेखनीय प्रदर्शन था। इन परियोजनाओं में उनकी लगन, कड़ी मेहनत और विषयों की गहरी समझ झलक रही थी। पर्यावरण अनुकूल विद्युत प्रणालियों से लेकर अत्याधुनिक यांत्रिक डिजाइन तक बनाए गये थे। बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शनी देखने आये। आगंतुकों में विभिन्न स्थानीय स्कूलों के शिक्षक और छात्र शामिल थे। कार्यक्रम में गुमला के जिला आयुक्त कर्ण सत्यार्थी की उपस्थिति रही। उन्होंने समाज के विकास में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया तथा छात्रों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता की खोज जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने समूह के सदस्यों को पदक तथा प्रमाण पत्र देकर विजेताओं को सम्मानित भी किया।

## रमेश होंगे निर्विरोध चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

**गुमला (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव 22 सितंबर को होना है। साथ ही छह जॉन का भी चुनाव होना है। जिसमें साउथ जॉन में गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा और खूंटी आता है। इस जॉन के प्रत्याशी के रूप में गुमला चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने मुख्य चुनाव पधाधिकारी ललित केडिया, अंचल किंगर, एफजेसीसीआइ के अध्यक्ष किशोर मंत्री के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। रमेश के अलावे इस जोन से अन्य किसी भी प्रत्याशी ने दावेदारी नहीं की और अब नामांकन की अंतिम अवधि समाप्त हो चुकी है। ऐसे में रमेश कुमार का निर्विरोध क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनना तय है। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। 22 सितंबर को चुनाव संपन्न होने के बाद ही रमेश को विजयी घोषित करते हुए प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा।

# नृत्य-संगीत के साथ मना करमा, नदी में डाली का विसर्जन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकृति का पर्व कर्मा धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार की रात पूजा पाठ के उपरांत लोग रात भर झूमती गाते नजर आए। गुमला शहर से सटे शबरी आश्रम कन्या छात्रावास तर्री ठूठा टोली व आसपास के कई गांवों में कर्मा पूजा की गयी। पूजा के दौरान बहनों के द्वारा निर्जला उपवास रखकर अपने भाइयों के दीघार्यु होने की कामना की गयी। शुक्रवार की रात लोग मांदर नगाड़ा घंट बजाते हुए पारंपरिक वेशभूषा और परिधान में नाच गान करते रहे। रविवार की सुबह शबरी आश्रम और आसपास के गांवों की ग्रामीण बहनों द्वारा कर्मा डाली को विसर्जन हेतु बाइपास रोड स्थित नदी ले जाया गया। जहां नाचते गाते हुए कर्मा डाली का विसर्जन किया गया।

## बरवाडीह में करमा पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो मे करमा पर्व पूरे हर्षोल्लास और संस्कृतिक के साथ संपन्न हुआ।शनिवार की शाम महिलाए व युवतियों के द्वारा निर्जला व्रत रखते हुए करम की डाली को अपने अपने क्षेत्र के अखाड़े और आंगन मे गाड़ कर पूजा अर्चना की । वही रविवार की सुबह पुरोहित के द्वारा पूजा कर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र को लेकर भगवान से प्रार्थना की। इधर शनिवार की भारी वारिश होने के बावजूद भी करमा पर्व पर कई आखरा में जमकर सांस्कृतिक नृत्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने क्षेत्रीय गीत गाकर डोल नगाड़ा व मंदार की थाप पर जमकर नृत्य किया। वहीं अखाड़ा मे गाड़े गए करम डाली को रविवार को ही विसर्जन किया गया।वही बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार ने करमा पर्व शांति पूर्ण सम्पन होने पर बरवाडीह वासियों को बधाई दी है।

## देवाकी में धूमधाम से मना करमा पर्व



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवाकी गांव में कर्मा पर्व धूमधाम से मनाया गया। रविवार को मनाया गया कर्मा पर्व को कुड़ुख भाषा में पूजा करया गया। जिसमें समाजसेवी बुधमन उरांव विधि विधान से पूजा कराया गया। पूरे पंचायत के सभी गांव के लोग देवाकी के टूंटा अखड़ा में धर्मावलंबी शामिल हुए। पूजा के बाद सभी ग्रामीण मंदार नगाड़ा और घंट के साथ पारम्परिक नृत्य कर कर्मा पर्व मनाया गया। इस क्रम में निचेटोली अखड़ा, उपरटोली अखड़ा व देवाकी प्लांट अखड़ा में कर्मा पर्व मनाया गया। सैकड़ों की संख्या में धर्मावलम्बी शामिल हुए।

## मासिक बैठक में बंदई पर्व मनाने पर चर्चा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के कोनबीर खुदी साहू चौक स्थित सामुदायिक भवन में मासिक बैठक रतिया इंदवार के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में खडिया समाज को सशक्त करने, बंदई पर्व सह मिलन समारोह मनाने पर चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से बंदई पूर्व संध्या 12 नवम्बर को मनाने का भी निर्णय लिया गया आयोजन के सफल संचालन हेतु एक कमेटी का गठन भी किया गया जिसमे अध्यक्ष दुर्गा पहान, सचिव यूजीन कुल्लू, कोषाध्यक्ष रीतवा कुल्लू समेत समाज के सभी लोग सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग, सिप्रियन कुल्लू, सुजीत टेटे,रीतवा कुल्लू, दुर्गा पहान, बासुदेव भगत,तेरेसा केरकेट्टा, जगरानी सोरेंग, निर्मला केरकेट्टा,मार्टिन कुल्लू, यूजीन कुल्लू, जॉन कुल्लू समेत समाज के अनेक प्रबुद्ध महिला पुरुष शामिल थे।

## प्रधानमंत्री की जमशेदपुर यात्रा से राज्य के युवाओं को मिलेगी नयी ऊर्जा : मंगल भोक्ता



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस्पात नगरी जमशेदपुर यात्रा झारखंड के राजनीति और विकास में नया दिशा प्रदान करेगा साथ ही युवाओं में उर्जा भरने का काम करेगा। जमशेदपुर के टाटा नगर स्टेशन से छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडे दिखाने और एक लाख करोड़ का झारखंड को सौगात दिए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने स्वागत किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि गुमला और सिमडेगा को रेलवे लाइन से जोड़ने की यहां के लोगों की पुरानी मांग है। सिमडेगा और गुमला आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा जिला है। इस क्षेत्र के विकास में पर्यटन और रेलवे का महत्वपूर्ण भूमिका हो सकता है। भोगता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया है कि गुमला और सिमडेगा जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र के तीव्र गति से विकास के लिए रेलवे लाइन के विस्तार में इन जिला को शामिल करने और पर्यटन क्षेत्र का विकास के लिए विशेष योजना बनाया जाये।

## विजय संकल्प परिवर्तन रथ यात्रा 25 को सिसई पहुंचेगी



**सिसई।** विजय संकल्प परिवर्तन रथ यात्रा आगामी 25 सितंबर को सिसई पहुंचेगी, प्रखंड के रावण मैदान में होगा कार्यक्रम का आयोजन। परिवर्तन रैली रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को अनिल साहु के टीवीएस वर्कशॉप भदौली में सिसई, भरनो, बसिया व कामडारा प्रखंड के भाजपा पदाधिकारियों सह वरिष्ठ कार्यकर्त्ताओं की बैठक हुई। बैठक में सिसई विधानसभा प्रभारी सह पुर्व एमएलसी प्रवीण सिंह व पुर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए उपस्थित भाजपाईयों व पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 25 सितंबर को रथ यात्रा के तहत जिले के पालकोट, रायडीह, सिसई और गुमला में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी कड़ी में 25 सितंबर शाम चार बजे सिसई स्थित रावण दहन मैदान में रथ यात्रा पहुंचेगी। रथ यात्रा में केन्द्रीय मंत्री जुएल उरांव और हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल सिसई विधानसभा के चारों प्रखंड सिसई भरनो, बसिया व कामडारा के लोगों को संबोधित करेंगे। वहीं कार्यक्रम स्थल पर दोपहर 3 बजे से देर शाम तक नागपुरिया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर चारों प्रखंड के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## हजरत मोहम्मद के जन्म दिन पर क्विज आयोजित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के मौके पर बज्मे रब्बानी कमेटी गुमला के द्वारा आयोजित इस्लामिक क्विज मुकाबला रविवार को थाना रोड स्थित अर्श पैलेस के हॉल में आयोजित की गयी। मुकाबला में कुल तीन स्तर के कार्यक्रम आयोजित की गयी थी। पहला पुरुष वर्ग में 12 साल से अधिक उम्र वालों के बीच कुल पांच राउंड में 100 मार्क्स का इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता कराया गया जिसमे पहला स्थान 100 में 100 नंबर हासिल कर जिशान अख्तर ने प्राप्त किया। वहीं 85 नंबर लाकर अबू सूफियान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया,80 नंबर लाकर फैज रजा कादरी तीसरे स्थान पर रहे और 75 नंबर हासिल कर मो.फरहान चौथे स्थान पर रहे। वहीं 12 साल तक के बच्ची-बच्चियों के बीच सिरते रसूल विषय पर तकरीरी मुकाबला हुआ। सभी को तीन-तीन मिनट का समय दिया गया था। जिसमें पहला स्थान पर नौरीन तूबा रहीं और दूसरे स्थान पर तनस जिया रही जबकि तीसरे स्थान पर मो. उमर फारूक काबिज हुए।मुकाबला में बतौर जज जामा मस्जिद के ईमाम इनाम रब्बानी,मोती मस्जिद के ईमाम हाफिज जाहिद साहब,मखदूम अशरफ के हेड मौलवी कारी अरबाज और फैजयाब अत्तारी थे।वहीं मंच का संचालन आफताब अंजुम ने किया। तीनों मुकाबला में पहला स्थान प्राप्त करने वाले को 21 सौ रुपया नगद के साथ मोमेंटो व मेडल बतौर इनाम दिया गया।

